NAVBHARAT TIMES, INDORE
July 20, 2007

विस्तारा के कार्यालय का उद्घाटन

इंदौर, 19 जुलाई. सनसिटी धूत कालोनाइजर्स प्राइवेट लिमिटेड ने आज एबी बायपास रोड पर उनके नए टाउनशिप के निर्माण कार्य के लिए मेटो टॉवर में अपने कार्यकाल के उद्घाटन की औपचारिक घोषणा की.

सनसिटी धूत कोलोनाइजर्स प्राइवेट लिमिटेड टाउनशिप विस्तारा टाउनशिप आगरा-मुंबई राजमार्ग, एनएच-3 पर दिल्ली पब्लिक स्कूल के पास अवस्थित है. इस अवसर पर आयोजित एक प्रेस कांफ्रेंस को संबोधित करते हुये विस्तारा के जनरल मैनेजर पी. जनार्दन ने बताया कि सनसिटी प्रोजेक्ट्स प्राइवेट लिमिटेड और धूत डेवलपर्स को टाउनशिप व्यावसायिक केंद्र मॉल्स रिहायशी अपार्टमेंट क्लब अस्पताल जैसे रीयल इस्टेट के विकास का व्यापक अनुभव है.

इस टाउनशिप के डिजाइन में तमाम आधुनिक सुविधाओं का ध्यान रखा गया है. चौड़ी सडकें, तीन स्तर की सुरक्षा व्यवस्था, शॉपिंग कॉम्पलेक्स, स्कूल सामुदायिक केंद्र , चिकित्सा केंद्र खेल के मैदान सुसज्जित पार्क आदि शामिल है. साथ ही बच्चों के लिए खेल की सुविधा, क्लब स्वीमिंग पुल, जिम्नेजियम, और खेल-कुद की अन्य सुविधाएं भी है.

यहां अत्याधुनिक आधारभूत संरचनाओं के साथ-साथ रिटेल और अन्य छोटे कारोबार के भरपूर स्थान है. निवासियों की सुविधा के लिए व्यावसायिक केंद्र, पड़ोस की छोटी दुकान, तरह-तरह के व्यंजन विन्यास वाली रेस्त्रां यहां की खासियत है.

इस परियोजना में सनसिटी धूत कोलोनाइजर्स प्राइवेट लिमिटेड के साथ-साथ मेसर्स लैण्डमार्क होलिडंग्स प्राइवेट लिमिटेड डालमिया (समुह) का भी रणनीतिक निवेश उल्लेखनीय है.